# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 07/11/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Amar Ujala , Pryagraj(UP)**

# सुरक्षा ऐसी कि एक सूचना पर सील हो जाएगी अयोध्या

## फैसले के दौरान रामनगरी की सुरक्षा का खाका तैयार, जिला प्रशासन ने मांगा सौ कंपनी सुरक्षा बल


राजेंद्र कुमार पांडेय

**रेडजोन स्थित विवादित परिसर की होगी किलेबंदी**

अयोध्या। अयोध्या विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट से आने वाले संभावित फैसले के दौरान, सुरक्षा का ताना-बाना बुन दिया गया है। एक सूचना पर पूरे जिले को सील करने की पूरी तैयारी है। बगैर प्रशासन की अनुमति कोई भी व्यक्ति अंदर दाखिल नहीं हो सकेगा। अयोध्या के रेड जोन स्थित विवादित परिसर की पुख्ता किलेबंदी की रणनीति है। बगैर हो-हल्ला फोर्स को शहर के बाहर-बाहर गंतव्य के लिए भेजा जा रहा है। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सौ से ज्यादा स्कूलों में फोर्स को ठहराया गया है। साथ ही 100 कंपनी और फोर्स की डिमांड भी की गई है। जिले में खुफिया का जाल बिछने के साथ ही ऐंटीसेबोटाज जांच और क्विक रिस्पांस टीमें सक्रिय होंगी।

शांत अयोध्या अपनी रौ में है, हर जगह सद्भाव की भी बयार है। मेले का दौर चरम पर है। श्रद्धालुओं की भीड़ में फैसले की चर्चा सबसे अधिक है। दिल्ली तक की नजर अयोध्या पर है, फैसले को लेकर प्रशासनिक गलियारे में हलचल है। फैसले के दौरान सुरक्षा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो अयोध्या की सुरक्षा को लेकर ताना-बाना बुना जा चुका है। अयोध्या जिले को चार जोन रेडजोन, येलोजोन, ग्रीन जोन और ब्लू जोन में बांट दिया गया। इनमें प्रथम दृष्टया 48 सेक्टर और इतने ही सब सेक्टर बनाए जाने का प्रस्ताव है। आवश्यकता के अनुरूप इनकी संख्या घट-बढ़ सकती है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी लगाए जाने हैं।

ब्लू जोन जिले के सबसे बाहर की परिधि पर है तो ग्रीन जोन उसके अंदर का क्षेत्र है। येलो जोन रामनगरी अयोध्या है तो रेड जोन विवादित परिसर वाला क्षेत्र है। सूत्र बताते हैं कि फैसले को लेकर बनाई गई व्यूह रचना में बाहर से अंदर के जोन की ओर जैसे-जैसे बढ़ेंगे, सुरक्षा घेरा सख्त होता जाएगा। बगैर प्रशासन की अनुमति के बाहर से अंदर आना असंभव नहीं तो कठिन बहुत होगा। इसके लिए ब्लू जोन की बाहरी परिधि अर्थात गैरजनपदों अमेठी, बाराबंकी, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, गोंडा को जाने वाली सड़कों पर आठ से ज्यादा बैरियर लगाए जा रहे हैं। अमेठी के सैदपुर, बारांबकी के मवई क्षेत्र सहित कई अन्य बैरियरों पर सुरक्षा बलों के साथ वाहनों की चेकिंग भी शुरू करा दी गई है। इसी तरह इसके अंदर ग्रीन जोन में भी व्यवस्था बताई गई है। येलोजोन अर्थात रामनगरी में प्रवेश के सभी रास्तों पर पहले से बैरियर सुरक्षा बलों के हवाले रहते हैं। इस दौरान इन पर अतिरिक्त व्यवस्था की संभावना है। आने-जाने वाले वाहनों का डाटा भी एकत्र किए जा रहे हैं। हालांकि अफसर अभी इस पर खुलकर बोलने से कतराते हैं।



अयोध्या में हनुमानगढ़ी बैरियर पर सुरक्षा में तैनात आरएएफ के जवान। *अमर उजाला*

### एटीएस समेत पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती

अयोध्या। पंचकोसी परिक्रमा गुरुवार सुबह से शुरू होगी। इसको लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का कड़ा जाल बुना है। बुधवार शाम को ही मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर उन्हें निर्धारित स्थानों पर तैनात कर दिया गया। परिक्रमा के दौरान करीब 15 किमी. की अयोध्या की परिधि में एटीएस, आरएएफ, सीआरपीएफ, पीएसी व पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके अलावा खुफिया एजेंसियों, एंटी रोमियो स्कवॉयड, सीसीटीवी, ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी संदिग्धों पर निगाह रखी जाएगी। एसएसपी आशीष तिवारी ने बताया कि मेला क्षेत्र में सीआरपीएफ, आरएएफ, पीएसी व पुलिस बल के साथ एटीएस की तैनाती की गई है। सादी वर्दी में पुलिस के जवान, एलआईयू समेत अन्य खुफिया एजेंसियां भी अराजकतत्वों पर निगाह रखेंगी। ब्यूरो

### अब तक तीन हजार हो चुके हैं पाबंद

अयोध्या। अयोध्या विवाद पर फैसला आने के बाद जिले की शांति भंग न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। थानेवार हिस्ट्रीशीटर अपराधी, मनबढ़ और अराजक तत्वों की सूची तैयार की जा चुकी है। रिपोर्ट मिलने के बाद अब इनको धारा 107/16 व 151 के तहत पाबंद किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक जिले के 12 ग्रामीण और 5 शहरी इलाकों के थानों में प्रतिदिन 5 से 10 लोगों को शांति भंग की आशंका में पाबंद किया जा रहा है। कुल मिलाकर करीब 3 हजार को पाबंद किया जा चुका है।

**संभावित फोर्स**

| | |
|---|---|
| पुलिस उपाधीक्षक | -10 |
| निरीक्षक | -175 |
| सब इंस्पेक्टर | -250 |
| महिला सब इंस्पेक्टर | -40 |
| पीएसी | -30 कंपनी |
| सीएपीएफ | -65 कंपनी |
| आरएएफ | -5 कंपनी |
| होमगार्ड | -5000 |
| अनुचर | -75 |

Dainik Bhaskar , Delhi

# अयोध्या में 16000 डिजिटल वॉलंटियर तैनात, यूपी में 34 जिले संवेदनशील घोषित

## अयोध्या पुलिस ने सोशल मीडिया की निगरानी के लिए एप लॉन्च किया

भास्कर न्यूज़ | अयोध्या, लखनऊ

अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय संविधान पीठ अब किसी भी दिन फैसला सुना सकती है। इससे पहले यूपी सरकार सुरक्षा एजेंसियों और सुरक्षाबलों को पूरी तरह से मुस्तैद कर रही है। सुरक्षाबलों के वाहनों की मरम्मत की जा रही है, आयुध कारखानों में बंदूकों और सुरक्षा से जुड़े उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। यूपी के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमारे लिए यह जरूरी है कि सैन्य वाहन और लाउडस्पीकर सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थानों पर स्थापित हों। इससे ना सिर्फ अफवाहें फैलने से रोकने, बल्कि भीड़ पर नियंत्रण करने में भी मदद मिलेगी।

यूपी पुलिस मुख्यालय ने राज्य में 34 जिलों को संवेदनशील कैटेगरी में रखा है। इन जिलों के पुलिस प्रमुखों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं, अयोध्या पुलिस ने सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जिले के 1600 गांवों में 16000 वॉलंटियर तैनात किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अफवाहों को रोकने के लिए डीएम और एसएसपी की रिपोर्ट पर सोशल मीडिया पर भी बैन लगाया जा सकता है।

## 5 साल में भड़काऊ संदेश पोस्ट करने वाले 4500 आरोपी रडार पर



अयोध्या में अभी चौदह कोसी, पंचकोसी परिक्रमा और पूर्णिमा मेला चल रहा है।

### अयोध्या के 1200 गांवों में वॉलंटियर तैनात किए, हर गांव में 10 सदस्य बने

अयोध्या के पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि शांति कायम रखने के लिए 1200 गांवों में वॉलंटियर बनाए गए हैं। हर गांव में 10-10 वॉलंटियर तैनात किए गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 5 साल में सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश पोस्ट करने के मामले में 4500 आरोपित पुलिस की रडार पर हैं।

### सोशल मीडिया पर चुनिंदा शब्दों के जरिए वायरल संदेशों की निगरानी

आईजी कानून-व्यवस्था प्रवीण कुमार ने कहा कि डीजीपी व डीजीपी मुख्यालय की सोशल मीडिया सेल, चुनिंदा शब्दों के जरिए सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे संदेशों की निगरानी कर रही है। ऐसे पोस्ट को शेयर और लाइक करने वालों की काउंसलिंग भी हो सकती है। 18 अक्टूबर से अब तक 72 केस दर्ज किए गए हैं।

## गृह मंत्रालय पैरामिलिट्री फोर्स की 15 और कंपनियां यूपी भेज रहा, कुल 40 कंपनियां

यूपी में गृह मंत्रालय ने 4000 अतिरिक्त पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भेजने का निर्णय किया है। यह 18 नवंबर तक राज्य में रहेंगे। राज्य में धारा-144 पहले से प्रभावी है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था को संभालने के लिए कुल 40 कंपनियां मुस्तैद रहेंगी। अयोध्या में आतंकवादियों की मौजूदगी के खुफिया विभाग की सूचना के बाद सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम और कड़े कर दिए गए हैं। पूरे अयोध्या में एटीएस के कमांडो तैनात किए गए हैं।

## अयोध्या मुद्दे पर पीएम मोदी की मंत्रियों को नसीहत- अनावश्यक बयानबाजी से बचें

अयोध्या विवाद मामले पर सुप्रीम कोर्ट के आने वाले फैसले को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रियों को गैर-जरूरी बयान देने से बचने की नसीहत दी है। मंत्रियों से कहा है कि इस मुद्दे अनावश्यक बयान देने से बचें और देश में सौहार्द बनाए रखने में मदद करें। कैबिनेट की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कोर्ट का फैसला अपेक्षित है और इसलिए यह हर किसी की जिम्मेदारी है कि वे देश में सौहार्द बनाए रखें।

Times Of India , Delhi

# Lakhs of pilgrims will throng town till Nov 20

Arshad Afzaal Khan | TNN

Ayodhya: The temple town will be chock-a-bloc with pilgrims till end of next week for various events despite prohibitory orders on public gathering imposed ahead of the Supreme Court's verdict on the Ayodhya issue, which is expected anytime before November 17.

Ayodhya district magistrate Anuj Kumar Jha said no curbs would be placed on pilgrims even though Section 144 of CrPC and other stringent restrictions have been imposed in the district.

Chaudah Kosi Parikrama began on Tuesday while Panchkosi Parikrama will start on Thursday. On November 12, there will be 'Poornima Snan' during which lakhs of devotees will converge in Ayodhya.

"Devotees who come to Ayodhya on Poornima Snan often stay back for at least a week. Hence, lakhs of pilgrims are likely to be present in Ayodhya till November 20," said mahant Jugal Kishore Sharan Shastri, priest of Saryu Kunj Sita Ram temple.

Meanwhile, the district administration instructed LED van operators to continuously broadcast two TV serials, Ramayana and Mahabharat.

ANI



A security personnel stands guard in Ayodhya on Wednesday

## Mobile app to connect 1,600 villages: SSP

Ayodhya SSP Ashish Tiwari said on Wednesday that elaborate deployment of forces has been made and confidence-building measures taken in the district. "We have launched a mobile application connecting 16,000 volunteers in 1,600 villages. We are also actively combating rumours on social media," Tiwari said. The home ministry has cleared 15 companies of paramilitary forces for immediate deployment in UP. They will stay in the state till November 18. ANI

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF








**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**